प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे
वर्ष 13 | अंक 51 | कुल पृष्ठ : 8 | मूल्य - 2 रु.
RNI-NO.MPHIN/2015/64585

# रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार

इंदौर प्रति मंगलवार, 12 मई 2026 से 18 मई 2026 तक




# वैश्विक संकट: प्रधानमंत्री की देशवासियों से अपील

## कहा- एक साल तक सोना न खरीदें

## ईंधन बचाएं और विदेशी मुद्रा करें संरक्षित




Narendra Modi ने पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और वैश्विक आर्थिक दबाव के बीच देशवासियों से बड़ा आह्वान किया है। हैदराबाद में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने नागरिकों से अगले एक वर्ष तक सोना नहीं खरीदने, ईंधन की खपत कम करने और देश की विदेशी मुद्रा को सुरक्षित रखने में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि वर्तमान अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों में हर नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह देशहित में संयम और समझदारी से खर्च करे।




### प्रधानमंत्री मोदी ने कहा

कि पश्चिम एशिया में जारी संकट का असर पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था पर दिखाई देने लगा है। खासतौर पर होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास बढ़ते तनाव और आपूर्ति में बाधाओं के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल आया है। कुछ समय पहले तक लगभग 70 डॉलर प्रति बैरल रहने वाला कच्चा तेल अब बढ़कर करीब 126 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया है। इससे भारत जैसे आयात-निर्भर देशों पर आर्थिक दबाव बढ़ना स्वाभाविक है।

प्रधानमंत्री ने लोगों से अनावश्यक यात्राओं से बचने और जहां संभव हो वहां फिर से "वर्क फ्रॉम होम" व्यवस्था अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यदि लोग घर से काम करने की संस्कृति को दोबारा अपनाते हैं तो ईंधन की खपत में बड़ी कमी लाई जा सकती है। इससे न केवल आम नागरिकों का खर्च घटेगा, बल्कि देश को भी विदेशी मुद्रा बचाने में मदद मिलेगी।



अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने विवेकाधीन खर्चों पर पुनर्विचार करने की भी सलाह दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में दिखावे और गैर-जरूरी खरीदारी से बचना बेहद आवश्यक है। विशेष रूप से सोने की खरीद पर रोक लगाने की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि भारत दुनिया के सबसे बड़े सोना आयात करने वाले देशों में शामिल है और इस समय सोने के आयात पर खर्च होने वाली विदेशी मुद्रा को बचाना देशहित में जरूरी है।

प्रधानमंत्री ने खाद्य तेल की खपत कम करने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि अत्यधिक तेल का उपयोग स्वास्थ्य के लिए भी नुकसानदायक है और देश की आयात निर्भरता को भी बढ़ाता है। इसके साथ ही उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे विदेशी रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करें और वैकल्पिक तथा जैविक उपायों को अपनाएं। उनका कहना था कि आत्मनिर्भर कृषि और ऊर्जा बचत आने वाले समय में भारत की आर्थिक स्थिरता का महत्वपूर्ण आधार बन सकती है।

### यह अपील ऐसे समय में सामने आई है

**»» जब दुनिया भर के कई देश ऊर्जा संकट, महंगाई और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में बाधाओं से जूझ रहे हैं।**

### विशेषज्ञों का मानना है

**कि यदि कच्चे तेल की कीमतों में इसी तरह बढ़ोतरी जारी रही तो इसका सीधा असर पेट्रोल-डीजल की कीमतों, परिवहन लागत और रोजमर्रा की वस्तुओं की महंगाई पर पड़ सकता है। ऐसे में सरकार नागरिकों से सहयोग और संयम की अपेक्षा कर रही है।**

---

# योगी मंत्रिमंडल विस्तार से 2027 का सियासी संदेश!

## कैबिनेट एक्सपेंशन में 'छिपा' पूरा जातीय गणित



### विश्लेषकों का कहना है

**भाजपा का सबसे बड़ा फोकस गैर-यादव ओबीसी और गैर-जाटव दलित वोट बैंक को साधने पर है। यही वजह है कि कई ऐसे सामाजिक समूहों को प्रतिनिधित्व दिया गया है, जिन्हें चुनावी दृष्टि से निर्णायक माना जाता है। राजनीतिक गलियारों में यह भी चर्चा है कि पार्टी 2027 से पहले संगठन और सरकार दोनों स्तर पर सामाजिक संतुलन बनाकर विपक्ष के जातीय समीकरणों को जवाब देना चाहती है।**

# ईरान ने खारिज किया अमेरिका का प्रस्ताव

## तेहरान के जवाब से भड़के ट्रंप; तेल कीमतों में हुआ इजाफा




ईरान और अमेरिका के बीच जारी तनाव एक बार फिर गहराता दिखाई दे रहा है। दोनों देशों के बीच चल रही शांति वार्ता को उस समय बड़ा झटका लगा, जब तेहरान ने युद्ध खत्म करने और संबंधों में सुधार के बदले कई कड़ी शर्तें सामने रख दीं। ईरान के इस रुख पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तीखी प्रतिक्रिया दी और साफ कहा कि अमेरिका किसी भी कीमत पर ऐसी शर्तों को स्वीकार नहीं करेगा।

### सूत्रों के मुताबिक

ईरान ने अमेरिका के सामने आर्थिक प्रतिबंध पूरी तरह हटाने, क्षेत्रीय सुरक्षा की गारंटी देने और रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण होर्मुज स्ट्रेट पर अपनी संप्रभुता को मान्यता देने जैसी मांगें रखीं। तेहरान का कहना है कि वर्षों से लगाए गए अमेरिकी प्रतिबंधों ने उसकी अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान पहुंचाया है और जब तक इन प्रतिबंधों को पूरी तरह समाप्त नहीं किया जाता, तब तक किसी भी स्थायी समझौते की उम्मीद नहीं की जा सकती।

## मदर्स डे के अवसर पर पीएमवीएस (PMVS) बुरहानपुर द्वारा महिला स्वास्थ्य पर निःशुल्क सेमिनार एवं सैनिटरी पैड वितरण का आयोजन

**महेन्द्र मालवीय**

बुरहानपुरः मदर्स डे के पावन अवसर पर महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से पीएमवीएस (PMVS) बुरहानपुर द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया. संस्था की अध्यक्ष श्रीमती कंचन सलूजा ने बताया कि यह आयोजन शहर के एक निजी होटल में दिनांक 9 मई 2026 को आयोजित किया गया।

### विशेषज्ञ डॉक्टर द्वारा परामर्श

इस कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में स्त्री रोग संबंधी समस्याओं पर एक निःशुल्क सेमिनार आयोजित किया गया. सेमिनार का संचालन प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ आदरणीय डॉ. सुरेखा पूनीवाला द्वारा किया, जहाँ वे महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की इस दौरान रैंडमली (बेतरतीब ढंग से) चुनी गई महिलाओं को सीधे डॉक्टर से प्रश्न



पूछने और अपनी शंकाओं का समाधान करने का अवसर मिला।

### समाज सेवा और जागरूकता

सेमिनार के साथ-साथ जरूरतमंद महिलाओं को निःशुल्क सैनिटरी पैड का वितरण भी किया गया। संस्था का लक्ष्य समाज की हर महिला तक स्वच्छता और स्वास्थ्य का संदेश पहुँचाना है. यह कार्यक्रम विशेष रूप से सभी पंजाबी महिलाओं के लिए आयोजित किया गया था। इस अवसर पर रानी अरोड़ा,हरप्रीत चंडोक, सिल्की सलूजा, रशमीत कौर , शीतल कौर, वर्षा सैनी, सपना बत्रा, वैशाली बत्रा, उपस्थित थे।

## प्रशासनिक सक्रियताः 15 दिनों से प्यासे तुकईथड़ को मिला पानी, देर रात तक चले कार्य के बाद ग्रामीणों ने ली राहत

**महेन्द्र मालवीय**

तुकईथड़ (खकनार): बुरहानपुर जिले के खकनार ब्लॉक अंतर्गत आने वाले ग्राम तुकईथड़ में पिछले दो सप्ताह से जारी भीषण जल संकट अब समाप्त हो गया है। ग्रामीणों की तकलीफ को देखते हुए जनपद पंचायत सीईओ ने इसे गंभीरता से लिया, जिसके बाद पंचायत की टीम ने युद्ध स्तर पर कार्य करते हुए गांव में पानी की आपूर्ति बहाल की।

### भीषण गर्मी में बढ़ गई थी परेशानी

पिछले लगभग 15 दिनों से ग्रामीण पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रहे थे। भीषण गर्मी के बीच ट्यूबवेल और मोटर पंप में आई तकनीकी खराबी के कारण जलापूर्ति पूरी तरह ठप हो गई थी। ग्रामीणों की इस समस्या की जानकारी जैसे ही जनपद सीईओ सुनीता बघेल तक पहुँची, उन्होंने तुरंत इसे प्राथमिकता पर लेने के निर्देश दिए।

### देर रात तक चला मरम्मत और स्थापना का कार्य

सीईओ के आदेशानुसार ग्राम पंचायत सचिव दीपक अंबिकर, उपसरपंच राहुल दीक्षित और मोहित यादव ने त्वरित एक्शन लिया। जलापूर्ति को स्थायी रूप से सुधारने के लिए न केवल नई पाइपलाइन बिछाई गई, बल्कि ट्यूबवेल के लिए मोटर पंप और स्टार्टर सहित पूरा नया सेट मंगवाया गया। पंचायत प्रतिनिधियों और तकनीकी टीम ने ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए समय की परवाह नहीं की और देर रात तक मौके पर डटकर काम करवाया। नया मोटर पंप सेट डालने और पाइपलाइन दुरुस्त होने के बाद जैसे ही पानी की सप्लाई शुरू हुई, ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे।



### ग्रामीणों ने जताया आभार

ग्रामीणों का कहना है कि 15 दिनों से वे पानी के लिए भटक रहे थे, लेकिन पंचायत टीम की मुस्तैदी से यह समस्या हल हो गई है। ग्रामीणों ने इस त्वरित कार्रवाई के लिए जनपद पंचायत खकनार सीईओ सुनीता बघैल ग्राम पंचायत तुकईथड़ सचिव दीपक अंबिकर उपसरपंच राहुल दीक्षित ओर मोहित यादव का आभार व्यक्त किया है।

## सशक्त पत्रकार समिति की बैठक संपन्न



विभिन्न सामाजिक एवं संगठनात्मक गतिविधियों पर बनी रणनीति, प्रदेशव्यापी विस्तार अभियान को गति देने हेतु हरी झंडी दिखाकर वाहन रवाना किया, नेशनल मीडिया मीट तारीख की जल्द होंगी घोषणा पत्रकारों के हॉस्पिटल से संबंधित कार्यों के लिए प्रदेश अध्यक्ष ने अपने वाहन को नि:शुल्क देने की घोषणा की

**महेन्द्र मालवीय**

बुरहानपुर। पत्रकारों के अधिकारों की हक की लड़ाई में एवं उनके सर्वांगीण विकास करने हेतु सदैव अग्रणी सशक्त पत्रकार समिति की आगामी संगठनात्मक एवं सामाजिक गतिविधियों को लेकर रविवार को आयोजित बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में पत्रकार हितों, संगठन विस्तार एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। सशक्त पत्रकार समिति प्रदेश अध्यक्ष उमेश जंगाले ने बताया कि पत्रकारों की विभिन्न मांगों को लेकर शीघ्र सांकेतिक धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा, जिसके माध्यम से पत्रकारों की समस्याओं एवं अधिकारों को शासन-प्रशासन तक प्रभावी रूप से पहुंचाया जाएगा। वहीं संगठन के प्रदेशव्यापी विस्तार अभियान को गति देने हेतु समिति के नवीन वाहन को वरिष्ठ पत्रकार नितिन इंगले एवं इकबाल अंसारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नितिन इंगले ने बताया कि यह वाहन प्रदेशभर में संगठन के विस्तार, सदस्यता अभियान एवं पत्रकारों के बीच समन्वय स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। वहीं इकबाल अंसारी ने बताया कि वाहन आने से संगठन की गतिविधियों को नई ऊर्जा मिलेंगी।

बैठक में अतिशीघ्र आयोजित होने वाली "नेशनल मीडिया मीट" को लेकर भी व्यापक चर्चा की गई। समिति के प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों ने सभी सदस्यगणों से सक्रिय सहभागिता निभाने एवं कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु अभी से तैयारियों में जुटने का आह्वान किया। प्रदेश अध्यक्ष उमेश जंगाले ने कहा कि जल्द ही नेशनल मीडिया मीट की तारीख की घोषणा की जाएंगी। वहीं। किसी पत्रकार को हॉस्पिटल से संबंधित कार्यों के लिए वाहन लगता हैं, तो प्रदेश अध्यक्ष उमेश जंगाले द्वारा उनके निजी वाहन को निःशुल्क देने की घोषणा की गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष विनोद लोंढे का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया, जिसके बाद उनका पत्रकारों ने पुष्पमाला से स्वागत किया। इस अवसर पर पत्रकारों ने अपने विचार रखें। इस दौरान वरिष्ठ प्रदेश संरक्षक नितिन इंगले, प्रदेश महासचिव गोपाल सावनेर, इकबाल अंसारी, निलेश महाजन, विनोद लोंढे, विनोद सोनराज, भगवानदास शाह, तौकीर आलम, अनिल महाजन, संजय रघुवंशी, शहजाद तेलारे, प्रीतम महाजन, वाहिद अली, मुजफ्फर अली, शेख अजहर, मो. शब्बीर, साजिद खान, फिरोज तडवी, रसीद अंसारी सहित अन्य पत्रकार उपस्थित रहे।


**नमुना क्रमांक ३**

**दिवाणी न्यायालय, धारणी**

**श्री. डी. जे. पंडित यांचे न्यायालयात दिवाणी न्यायाधिश क. स्तर धारणी, धारणी, अमरावती.**

**नियमित दिवाणी दावा/35/2024**

**जातीने हजर राहण्याबाबत समन्स (आज्ञावली ५, नियम 20 पिलकाय / मिरकाय शालीकराम दारसिंबे वि. कुमानसिंग जयराम जावरकर**

**पुढिल तारिख : 22-06-2026**

**प्रति,**

01) भागरती भूरिया सावलकर
रा. मोहनगढ़ पो. रायतलाई ता. खकणार, जि. बु-हाणपुर.,Madhya pradesh

02) पुनईबाई काल्या जावरकर
रा. नांदुरा पो. डोईफोडिया ता. खकणार, जि. बु-हाणपुर.,Madhya pradesh

03) समोती राजू बेठेकर
रा. रंगई पो. शेखापुर ता. खकणार, जि. बु-हाणपुर.,Madhya pradesh

04) तारामणीबाई तोताराम जावरकर
रा. लालबर्डी, डोईफोडिया ता. खकणार, जि. बुहाणपुर.,Madhya pradesh

ज्याअर्थी पिलकाय/ मिरकाय शालीकराम दारसिंबे यांनी तुमच्याविरुध्द बद्यल दावा दाखल केला आहे, म्हणून सदर दाव्याचा जबाब देण्यासाठी तुम्हाला याद्वारे 22-06-2026 रोजी मध्यान्ह ११ वाजता या न्यायालयात जातीने हजर राहण्यासाठी बोलावण्यात येत आहे, व आपल्या बचावाच्या पुष्ट्यर्थ तुम्ही ज्यांचा आधार घेऊ इच्छिता असे सर्व दस्तऐवज त्या दिवशी हजर करण्याचा आदेश देण्यात येत आहे उपरोक्त दिवशी तुम्ही हजर न राहिल्यास तुमच्या गैरहजेरीत दाव्याची सुनावणी होऊन निर्णय देण्यात येईल याची दखल घ्यावी आज 28-04-2026 रोजी माझ्या राहीने व न्यायालयाच्या शिक्क्यानिशी दिले.

**आदेशानुसार**
**दिवाणी न्यायाधिश क. स्तर धारणी**

**सूचना- तसेच तुम्हाला अशीही सूचना देण्यात येत आहे की, उपरोक्त दिनांकास किंवा तत्पूर्वी तुम्ही बजावणीसाठीचा पत्ता न दिल्यास तुमचा।**

रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार
इंदौर प्रति मंगलवार, 12 मई 2026 से 18 मई 2026 तक



# खाद्य सुरक्षा प्रशासन की आइसक्रीम निर्माण इकाइयों पर कार्रवाई

**आदित्य शर्मा**

इंदौर। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन, इंदौर द्वारा खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं स्वच्छता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सतत निरीक्षण एवं जांच कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आज 10 मई,2026 को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के संयुक्त दल द्वारा शहर की दो आइसक्रीम निर्माण इकाइयों का औचक निरीक्षण कर कुल 10 खाद्य नमूने जांच हेतु लिए गए।



चैंपियंस आइसक्रीम एंड फ्रोजन फूड पर कार्रवाई- खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के संयुक्त दल द्वारा राजाराम नगर स्थित चैंपियंस आइसक्रीम एंड फ्रोजन फूड इकाई का निरीक्षण किया गया। जहां खाद्य कारोबारकर्ता नीलेश विश्वकर्मा उपस्थित पाए गए। निरीक्षण के दौरान निर्माण हेतु वैध अनुज्ञप्ति उपलब्ध नहीं पाई गई। साथ ही पैकेजिंग सामग्री पर लेबलिंग संबंधी जानकारी भी अपूर्ण मिली। निरीक्षण में रॉ मटेरियल का भंडारण अस्वच्छ एवं अव्यवस्थित पाया गया तथा कुछ जंग लगे सांचे भी उपयोग में पाए गए। निर्माण में प्रयुक्त पानी की जांच रिपोर्ट भी प्रस्तुत नहीं की गई। फ्रीजर रूम में खाद्य सामग्री का भंडारण निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया। मौके से वनीला फ्रोजन डेजर्ट, केसर पिस्ता कुल्फी, मावा एवं चॉकलेट पेस्ट के कुल 4 नमूने जांच हेतु लिए गए। वैध निर्माण अनुज्ञप्ति प्राप्त होने तक संबंधित इकाई का निर्माण कार्य स्थगित कर दिया गया है।

रुद्राक्ष आइसक्रीम इकाई का निरीक्षण इसी क्रम में कृष्णा पार्क कॉलोनी, छोटा बांगड़दा स्थित रुद्राक्ष आइसक्रीम इकाई का भी खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के संयुक्त दल द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी नरेश कुमावत उपस्थित पाए गए। जांच में विभिन्न फ्लेवर की आइसक्रीम का निर्माण अस्वच्छ परिस्थितियों में किया जाना पाया गया। निर्माण में प्रयुक्त कई फ्लेवर बिना लेबल के मिले, जिन पर आवश्यक जानकारी अंकित नहीं थी। खाद्य पदार्थों के भंडारण स्थल पर भी अव्यवस्था पाई गई। मौके से आइसक्रीम के 5 एवं टूटी फ्रूटी का एक नमूना, इस प्रकार कुल 6 नमूने जांच हेतु लिए गए। बिना लेबल पाए गए फ्लेवर्स का मौके पर ही विनष्टीकरण कराया गया। परिसर में पाई गई अनियमितताओं के संबंध में संबंधित विक्रेता को नोटिस जारी किया जाएगा। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने कहा है कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं स्वच्छता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध जांच एवं प्रवर्तन कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

### सफाई मित्रों के स्वास्थ्य की चिंता

# इंदौर नगर निगम एवं एलएनसीटी मेडिकल कॉलेज द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण अभियान प्रारंभ

**आदित्य शर्मा**




इंदौर महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव एवं आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल के निर्देश पर इंदौर नगर निगम द्वारा एलएनसीटी मेडिकल कॉलेज एवं सेवाकुंज हॉस्पिटल के सहयोग से सफाई मित्रों एवं उनके परिवारजनों के लिए विशेष स्वास्थ्य परीक्षण अभियान प्रारंभ किया गया अपर आयुक्त श्री प्रखर सिंह ने बताया कि इस अभियान का शुभारंभ आज एलएनसीटी मेडिकल कॉलेज सेवाकुंज हॉस्पिटल में किया गया। कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य एवं स्वच्छता प्रभारी श्री अश्विनी शुक्ला, उपायुक्त श्री शैलेष अवस्थी, एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के चेयरमैन श्री जयनारायण चौकसे सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में सफाई मित्र उपस्थित रहे। स्वास्थ्य शिविर के प्रथम दिवस लगभग 200 कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में बीपी, शुगर, लिवर एवं किडनी जांच सहित विभिन्न सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। महिलाओं के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच एवं उपचार की भी व्यवस्था की गई।

अपर आयुक्त श्री प्रखर सिंह ने भी चिकित्सकीय परामर्श के बाद अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया तथा कर्मचारियों को नियमित स्वास्थ्य जांच एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सफाई मित्र शहर की स्वच्छता व्यवस्था की रीढ़ हैं और उनका स्वास्थ्य सुरक्षित रखना नगर निगम की प्राथमिकता है। इस पहल का उद्देश्य सफाई मित्रों एवं उनके परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं एवं समय पर उपचार उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने इस पहल को सफाई मित्रों के कल्याण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया, वहीं सफाई मित्रों ने निगम प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

## संभाग आयुक्त डॉ. सुदाम खाड़े की अध्यक्षता में कमिश्नर कार्यालय में अंगदान एवं देहदान के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स की महत्वपूर्ण बैठक

**आदित्य शर्मा**

इंदौर। आयोजित की गई। बैठक में जनभागीदारी के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को इस महाअभियान से जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में कहा गया कि अंगदान और देहदान मानवता की सेवा का सर्वोच्च कार्य है, जिससे अनेक जरूरतमंद लोगों को नया जीवन मिल सकता है। सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए इन्फ्लुएंसर्स से अपील की गई कि वे अपने मंचों के माध्यम से समाज में सकारात्मक जागरूकता फैलाएं और लोगों को इस पुनीत कार्य के लिए प्रेरित करें। संभाग आयुक्त ने कहा कि जनसहभागिता और जागरूकता के माध्यम से ही इस अभियान को व्यापक रूप दिया जा सकता है। समाज के प्रत्येक वर्ग को इससे जोड़कर अधिक से अधिक लोगों तक इसका संदेश पहुंचाना आवश्यक है। बैठक में उपस्थित सोशल मीडिया प्रतिनिधियों ने भी अभियान को जन-जन तक पहुंचाने और अंगदान-देहदान के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने में सक्रिय सहयोग का भरोसा दिलाया।



## प्रमुख चौराहों पर यातायात व्यवस्था सुधारने मैदान में उतरे आयुक्त

**आदित्य शर्मा**

इंदौर। शहर में बढ़ते ट्रैफिक दबाव और जाम की समस्या के समाधान हेतु आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल ने आज शहर के प्रमुख चौराहों एवं लेफ्ट टर्न का निरीक्षण किया। इस दौरान अपर आयुक्त श्री अभय राजनगांवकर, कार्यपालन यंत्री श्री पी.एस. कुशवाह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। आयुक्त ने रसोमा चौराहा, चंद्रगुप्त चौराहा, हाई कोर्ट चौराहा, लैंटर्न चौराहा, मृगनयनी चौराहा, कृषि कॉलेज चौराहा एवं महिंद्रा शोरूम चौराहा सहित अन्य प्रमुख स्थानों का निरीक्षण कर यातायात की स्थिति, लेफ्ट टर्न संचालन एवं जाम के कारणों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां लेफ्ट टर्न अवरुद्ध हैं या अतिक्रमण, अवैध निर्माण, विद्युत पोल अथवा अन्य बाधाओं के कारण यातायात प्रभावित हो रहा है, वहां तत्काल कार्रवाई कर अवरोध हटाए जाएं। आयुक्त ने कहा कि लेफ्ट टर्न सुचारु होने से ट्रैफिक दबाव कम होगा और नागरिकों को जाम से राहत मिलेगी। साथ ही चौराहों पर रोड मार्किंग, संकेतक बोर्ड, डिवाइडर व्यवस्था एवं ट्रैफिक मूवमेंट के अनुरूप आवश्यक सुधार कार्य प्राथमिकता से करने के निर्देश भी दिए।

# आयुक्त ने किया सफाई व्यवस्था का निरीक्षण



आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल ने टिगरिया बादशाह, प्रेसिडेंट पार्क एवं स्कीम नंबर 140 क्षेत्र का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था, सीटीपीटी, कचरा प्रबंधन एवं कंपोस्ट पीट का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को नियमित सफाई, समयबद्ध कचरा संग्रहण एवं सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए गए। टिगरिया बादशाह स्थित शासकीय स्कूल में भी साफ-सफाई, शौचालयों एवं विद्यार्थियों की मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए गए।

## चोइतराम फल-सब्जी मंडी प्रांगण में यातायात व्यवस्था सुचारु

**खुशबू श्रीवास्तव**

इंदौर। चोइतराम फल एवं सब्जी मंडी प्रांगण में यातायात व्यवस्था लगातार सुचारू रूप से संचालित हो रही है। मंडी परिसर में वाहनों की आवाजाही को व्यवस्थित बनाए रखने के लिए प्रशासन और मंडी प्रबंधन द्वारा विशेष निगरानी रखी जा रही है। मंडी में आने वाले व्यापारियों, किसानों, हम्मालों और ग्राहकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए प्रवेश और निकास मार्गों पर यातायात का संचालन व्यवस्थित तरीके से किया जा रहा है।

## गुमशुदा

ये व्यक्ति पिछले तीन दिनों से दिनांक 08-मई-2026 से घर से चला गया है, इसका नाम अविनाश जौहरी (चिंटू) है। मानसिक रूप से बिल्कुल ठीक है रंग गेहुआ है, त्वचा पर कुछ सफेद दाग है, घर वाले बहुत परेशान है अगर ये कही दिखाई दे कृपया नीचे दिए नंबरों पर संपर्क करे। 9617715145, 6261748092 कृपया इसको ज्यादा से ज्यादा शेयर करे आपका एक शेयर किसी के पूरे परिवार को खुशियां दे सकता है।



## CHANGE IN NAME

My old name was **HEERA NAND.** I have changed my name, my new name is HEERA NAND KHATWANI S/O CHHATUMAL. I will be known by my new name.

**HEERA NAND KHATWANI**
**S/O CHHATUMAL**
**ADDRESS:- 19, SADHU NAGAR, MANIK BAGH ROAD, INDORE (M.P.)**

# “हम कौन हैं?-स्वयं की खोज की एक यात्रा” सहजयोग

मनुष्य सदियों से एक ही प्रश्न पूछता आया है- “मैं कौन हूँ?” क्या हम केवल यह शरीर हैं? क्या हमारा अस्तित्व केवल नाम, पद, संबंध और विचारों तक सीमित है? जब जीवन में संघर्ष, तनाव, भय और असंतोष बढ़ता है, तब भीतर से एक आवाज़ उठती है-“क्या जीवन का कोई गहरा अर्थ भी है?” सहजयोग इसी प्रश्न का उत्तर देने वाली एक आध्यात्मिक यात्रा है-स्वयं को जानने की यात्रा। aआज का मनुष्य बाहरी उपलब्धियों के पीछे दौड़ रहा है, लेकिन भीतर से खालीपन अनुभव करता है। भौतिक प्रगति के बावजूद मानसिक तनाव, चिंता और असंतोष बढ़ते जा रहे हैं।

### स्वयं की खोज इसलिए आवश्यक है क्योंकि:

यह हमें आंतरिक शांति देती है जीवन का वास्तविक उद्देश्य समझाती है संबंधों में प्रेम और संतुलन लाती है मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को बेहतर बनाती है हमें वर्तमान क्षण में जीना सिखाती है सहजयोग एक सरल, स्वाभाविक और अनुभव आधारित ध्यान पद्धति है, जिसकी स्थापना श्री माताजी निर्मला देवी ने 1970 में की। “सहज” का अर्थ है-जो जन्म से हमारे भीतर विद्यमान है, और “योग” का अर्थ है-आत्मा का परमात्मा से मिलन। सहजयोग का मुख्य उद्देश्य है आत्मसाक्षात्कार-अर्थात अपने वास्तविक स्वरूप, आत्मा, का अनुभव करना। यह केवल किसी सिद्धांत या दर्शन तक सीमित नहीं है, बल्कि एक जीवंत अनुभव है, जिसे हर व्यक्ति स्वयं महसूस कर सकता है।सहजयोग के अनुसार मनुष्य केवल शरीर, मन और बुद्धि नहीं है। हमारे भीतर एक सूक्ष्म चेतना विद्यमान है जिसे आत्मा कहा गया है। यही आत्मा हमारे अस्तित्व का वास्तविक स्वरूप है।



आत्मा का अनुभव ही स्वयं की खोज की पहली सीढ़ी है। सहजयोग में बताया गया है कि प्रत्येक मनुष्य के भीतर रीढ़ की हड्डी के आधार में एक सूक्ष्म ऊर्जा स्थित होती है, जिसे कुंडलिनी कहा जाता है। यह शक्ति हमारी आध्यात्मिक माता के समान है। जब ध्यान के माध्यम से यह जागृत होती है, तब यह हमारे सूक्ष्म चक्रों को संतुलित करते हुए सहस्रार तक पहुँचती है।

> इसी अवस्था में व्यक्ति आत्मसाक्षात्कार का अनुभव करता है। इस अनुभव के दौरान साधक अपने हाथों और सिर के ऊपर ठंडी हवा या कंपन महसूस कर सकता है, जिसे चैतन्य लहरियाँ कहा जाता है।

जब मनुष्य स्वयं को जान लेता है, तब बाहरी परिस्थितियाँ उसे उतना विचलित नहीं कर पातीं। सहजयोग हमें यह अनुभव कराता है कि:“हम केवल यह शरीर नहीं हैं बल्कि शुद्ध आत्मा हैं।” “हम कौन हैं?” यह केवल एक दार्शनिक प्रश्न नहीं, बल्कि जीवन का सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न है। सहजयोग इस प्रश्न का उत्तर किसी पुस्तक या तर्क से नहीं, बल्कि प्रत्यक्ष अनुभव से देता है। स्वयं की खोज की यह यात्रा बाहर नहीं, भीतर की ओर जाती है। “अपने भीतर की शांति को पहचानना ही वास्तविक आत्मज्ञान है।” सहजयोग ध्यान पूर्णतः निःशुल्क है। सहजयोग की अधिक जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं।

# अपूर्णता के भाव की समाप्ति ही ईश्वर का सामीप्य है

ईश्वर प्रदत्त इस प्रकृति व मानव मात्र के जीवन को सुंदर बनाना ईश्वर का ही कार्य है, क्योंकि जिस चीज को ईश्वर ने ही निर्मित किया है उसमें बदलाव लाना हमारे हाथ में नहीं। फिर यह कैसे और क्यों कहा जाता है कि जीवन को सुंदर बनाना हमारे हाथ में है। यह तो पहले से ही सुंदर है क्योंकि ईश्वर अपनी हर रचना को जैसी जरुरत है वैसी ही सुंदरता से निर्मित करता है। बस हम मानव की दृष्टि उस सुंदरता को देख नहीं पा रही है क्योंकि हम ऊपरी सुंदरता देखते हैं आंखों से। आंतरिक सौंदर्य जो आत्मिक सौंदर्य है उसे देखने के लिए गहन ध्यान से आत्मा को जागृत करना होगा, तभी हम सृष्टि की कृतियों का आनंद ले सकते हैं। हम सृष्टि के निर्माता को जिस भी नाम से पुकारें, भगवान कहें, अल्लाह कहें, गॉड कहें, प्रकृति कहें या अन्य किसी नाम से जाने, उसने सृष्टि को इसी तरह से बनाया है कि उसमें कोई भी कमी है ही नहीं। वह अपने आप में परिपूर्ण है। अपने आप में सुंदर है।



21 दिसम्बर 1986 के एक प्रवचन में श्री माताजी कहती हैं, ‘परमात्मा ने इतनी सुन्दर सृष्टि की रचना किसलिए की है?, यह एक प्रश्न हजारों वर्षों से पूछा गया है।

सूर्य अपनी चमक को नहीं निहार सकता। इसी तरह से, सर्वशक्तिमान परमात्मा भी अपने स्वंय के अस्तित्व को नहीं देख सकते। उस परमात्मा को एक दर्पण की जरूरत होती है। और यही कारण है कि उस परमात्मा ने इस सुन्दर सृजन की रचना अपने लिए एक दर्पण के रूप में की है।’’ यानि जैसे हम स्वंय में सौंदर्य तलाशते हैं वैसे ही ईश्वर भी हममें स्वयं के सौंदर्य को तलाशते हैं। इसीलिए हमारी सभी आवश्यकताओं को प्रकृति पूरा करती है। जितनी भी असंगति या बुराई हम देखते हैं या उत्पन्न होती रहती हैं, वे सभी हमारे ही द्वारा बनाई गई हैं । साथ ही, हमारा मस्तिष्क इस रूप में विकसित हो जाता है कि वह हमेशा भविष्य को देखता है। हमारे मस्तिष्क के हमेशा ही भविष्य में ही दौड़ते रहने के कारण हमारे अंतर को हमेशा एक अपूर्णता की भावना घेरे रहती है। आधुनिक जीवन के तरीकों ने, भौतिकवादिता ने मनुष्यता पर बहुत नकारात्मक प्रभाव डाले हैं, अपूर्णता के एहसास ने इस भावना को और गहरा कर दिया है। साथ ही, यह गलत विश्वास भी दिलाया है कि इस अपूर्णता को पूर्ण करने के लिए आपको अधिक धन कमाना होगा, अधिक भौतिक वस्तुओं का अर्जन करना होगा। यदि आप जीवन की सुंदरता को देखना चाहते हैं तो, थोड़े दिनों के लिए, केवल कुछ सप्ताह के लिए एक प्रयोग करके देख सकते हैं। अपने मन पर, अपने विचारों पर नजर रखने की कला, और जब भी मन भविष्य की ओर भागे तो उसे रोकने की कला सीखते हैं।

# सहजयोग में प्राण प्रतिष्ठा का गहरा अर्थ

## हमारे भीतर की यात्रा

प्राण प्रतिष्ठा का सामान्य अर्थ किसी मूर्ति या मंदिर में दिव्य शक्ति का आह्वान माना जाता है, लेकिन सहजयोग में इसका अर्थ इससे कहीं अधिक गहरा है। यहाँ प्राण प्रतिष्ठा का मतलब है-हमारे भीतर स्थित दिव्य चेतना का जागरण।

सहजयोग के अनुसार प्रत्येक मनुष्य के भीतर कुण्डलिनी शक्ति सुप्त अवस्था में विद्यमान रहती है। जब यह शक्ति जागृत होकर सहस्रार तक पहुँचती है, तब व्यक्ति आत्मसाक्षात्कार का अनुभव करता है। यही वास्तविक प्राण प्रतिष्ठा है-बाहरी नहीं, बल्कि आंतरिक स्थापना।

सहजयोग हमें सिखाता है कि मनुष्य का शरीर स्वयं एक मंदिर है। जब हमारे भीतर शांति, संतुलन, करुणा और प्रेम जागृत होते हैं, तब जीवन सच में प्रकाशित होने लगता है। केवल बाहरी पूजा या कर्मकांड पर्याप्त नहीं, भीतर की चेतना का जागना भी आवश्यक है। ध्यान और आत्मचिंतन के माध्यम से व्यक्ति धीरे-धीरे तनाव, भय और नकारात्मकता से मुक्त होने लगता है। उसके भीतर मौन और आनंद का अनुभव जन्म लेता है। यही भीतर की यात्रा मनुष्य को अपने वास्तविक स्वरूप के करीब ले जाती है। इस प्रकार सहजयोग में प्राण प्रतिष्ठा



का अर्थ है-अपने भीतर परम चेतना को अनुभव करना और जीवन को आध्यात्मिक जागरूकता से भर देना। सहजयोग में प्राण प्रतिष्ठा किसी बाहरी कर्मकांड का अंत नहीं, बल्कि भीतर की यात्रा की शुरुआत है। यह वह क्षण है जब मनुष्य स्वयं को केवल शरीर और मन तक सीमित नहीं मानता, बल्कि अपने भीतर स्थित दिव्य चेतना को पहचानता है। जब भीतर का दीपक जलता है, तभी जीवन में वास्तविक प्रकाश आता है और शायद यही प्राण प्रतिष्ठा का सबसे गहरा अर्थ है-अपने भीतर परम चेतना को जागृत कर जीवन को सचमुच जीवंत बना देना। सहजयोग ध्यान पूर्णतः निःशुल्क है।

# ऑपरेशन "टोटल क्लीन" के तहत आबकारी विभाग का विशेष अभियान जारी

**आदित्य शर्मा**



इंदौर कलेक्टर महोदय जिला-इंदौर श्री शिवम वर्मा जी के निर्देश एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी जी के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा "ऑपरेशन टोटल क्लीन" अभियान के अंतर्गत आज भी शहर के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष निरीक्षण एवं प्रवर्तन कार्यवाही की गई। अभियान हेतु गठित 4 अलग-अलग टीमों द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में मदिरा दुकानों एवं उनके आसपास सघन निरीक्षण किया गया। अभियान के दौरान मदिरा दुकानों के आसपास साफ-सफाई, यातायात व्यवस्था एवं सार्वजनिक व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। जिन स्थानों पर अस्वच्छता पाई गई, वहां संबंधित अनुज्ञाधारियों को तत्काल सफाई कराने के निर्देश दिए गए तथा मौके पर सफाई भी कराई गई। साथ ही दुकानों के आसपास यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने हेतु निजी सुरक्षा गार्डों की नियुक्ति सुनिश्चित कराई गई। शहर हित एवं स्वच्छता अभियान में अनुज्ञाधारियों द्वारा भी उत्साहपूर्वक सहभागिता दिखाई जा रही है तथा दुकानों एवं आसपास के क्षेत्रों में नियमित साफ-सफाई कराई जा रही है।

कार्यवाही के दौरान दुकान के आसपास अवैध रूप से मदिरापान करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। अभियान के दौरान कुल 28 प्रकरण कायम कर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई।

आज अभियान के अंतर्गत बाणगंगा क्रमांक-02, इमली बाजार, रोशन सिंह भंडारी मार्ग, कनाड़िया बायपास चौराहा, बंगाली चौराहा क्रमांक-01, भागीरथपुरा, ट्रांसपोर्ट नगर, खंडवा नाका, हीरा नगर, एमआर-10, द्वारकापुरी, लोहामंडी, जूनी इंदौर, जवाहर मार्ग, गौरी नगर, गंगा नगर एवं सिरपुर तालाब क्षेत्र स्थित मदिरा दुकानों का निरीक्षण किया गया। सहायक आयुक्त आबकारी द्वारा बताया गया कि "ऑपरेशन टोटल क्लीन" अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा तथा स्वच्छता एवं कानून व्यवस्था प्रभावित करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों का आयुक्त ने लिया जायजा

**आदित्य शर्मा**

इंदौर। आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल ने आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था एवं सर्वेक्षण गाइडलाइन अनुसार किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान अपर आयुक्त श्री प्रखर सिंह, स्वास्थ्य अधिकारी एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान चोइथराम सब्जी मंडी, फ्रूट मंडी, कबीटखेड़ी, राजकुमार ब्रिज, मधुमिलन चौराहा, रीगल चौराहा सहित विभिन्न स्थानों पर सफाई व्यवस्था, नागरिक सुविधाओं एवं स्वच्छता मानकों का जायजा लिया गया। आयुक्त ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए व्यवस्थाएं समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।



आयुक्त ने शहर में संचालित सीटीपीटी, 3 आर सेंटर, एमआरएफ प्लांट, बीडब्ल्यूजी यूनिट, निजी स्कूलों में दिव्यांगजन शौचालय, आवासीय एवं व्यावसायिक क्षेत्रों की स्वच्छता तथा फ्लाईओवर के आसपास हरियाली और रंगाई-पुताई की स्थिति का भी निरीक्षण किया। कबीटखेड़ी एवं राजकुमार ब्रिज स्थित 3 आर सेंटर के निरीक्षण के दौरान उन्होंने सफाई व्यवस्था में और सुधार करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी 3 आर सेंटर एवं एमआरएफ प्लांट पर बेहतर स्वच्छता और सुव्यवस्थित संचालन सुनिश्चित करने तथा अनुपयोगी सामग्री के निष्पादन की कार्रवाई लगातार जारी रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

# हजरत नियाज अली सरकार में एकता भाईचारे की चादर पेश की, तब्बर रुक वितरण किया





आज इंदौर हजरत नियाजअली सरकार दादा पीर एमजी रोड स्थित मजार पर 137वां उर्स के मौके पर संस्था सर्वधर्म संघ के अध्यक्ष मंजूर बेग एवं अश्फाक गोलू पठान,इदरीश बाबा की उपस्थिति में सर्वधर्म संघ ने एकता भाईचारा की चादर पेश की, इस मौके पर कुरान हाफिज ने कलाम पेश कर एकता भाईचारे का परिचय दिया, आज सभी समाज के लोगों ने तबर्रुक ग्रहण किया, नियाज अली सरकार में अपने धर्म अनुसार चादर पेश कि देश मैं एकता एवं अखंडता एवं भाईचारे के लिए के लिए दुआ की, इस मौके पर संस्था अध्यक्ष मंजूर बेग,अश्फाक गोलू पठान,इदरीश बाबा,उपाध्यक्ष रियाज खान मुकेश बजाज शकील पत्रकार जाकिर खान अकबर काजी बाबा माहिर वारसी सोहेल पठान यासीन खान राजू पठान पत्रकार सलीम खान मोहम्मद शाहरुख उपस्थित रहें।।




# राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू रघुवंशी ने निःशुल्क विवाह सम्मेलन में 14 कन्याओं को सिलाई मशीन सप्रेम भेंट की

**ऋषि गोस्वामी**

शिवपुरी में आयोजित झा/ओझा समाज का 14 जोड़ों का द्वितीय निःशुल्क आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन ओझा समाज युवक मंडल मध्य प्रदेश ( रजि. ) समिति के द्वारा भव्यतापूर्ण आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के



प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र रघुवंशी (जीतू) ने सम्मिलित होकर वधु-पक्ष की कन्याओं के लिए उपहार स्वरूप 14 सिलाई मशीन सप्रेम भेंट की ।









# जान जोखिम में डाल लोग कर रहे नाव से सोन नदी पार नदी पर पुल का अभाव

**प्रदीप सिंह बघेल**

**उमरिया जिले के मानपुर विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत भोलगढ़ के ग्राम छाप से शहडोल जिले के ग्राम पापोंद, सरसी सहित दर्जनों गांवों के लोगों का रोजमर्रा का जीवन आज भी सोन नदी पर चलने वाली मोटर बोट के भरोसे टिका हुआ है। हालात ऐसे हैं कि एक जिले से दूसरे जिले तक पहुंचने के लिए ग्रामीणों के पास नाव के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं बचा है। ग्रामीणों को रोजाना लगभग एक से डेढ़ किलोमीटर तक का नदी मार्ग मोटर बोट के सहारे तय करना पड़ता है। इसी रास्ते से लोग बाजार, कामकाज और जरूरी घरेलू जरूरतों के लिए आवागमन करते हैं। कई बार लोग अपनी मोटरसाइकिल तक नाव में रखकर नदी पार करते दिखाई देते हैं।**

ग्रामीणों का कहना है कि यह केवल एक साधारण सफर नहीं बल्कि हर दिन जान जोखिम में डालकर किया जाने वाला सफर है। नाव में सुरक्षा के नाम पर कोई व्यवस्था मौजूद नहीं है। ना तो यात्रियों के लिए लाइफ जैकेट उपलब्ध हैं और ना ही किसी प्रकार की सुरक्षा निगरानी की व्यवस्था दिखाई देती है। इसके बावजूद मजबूरी में लोग इसी रास्ते से आवाजाही कर रहे हैं। ग्रामीण बताते हैं कि बरसात के दिनों में स्थिति और भी भयावह हो जाती है। सोन नदी का जलस्तर बढ़ने के साथ तेज बहाव के बीच नाव से सफर करना खतरे से खाली नहीं रहता। कई बार नाव डगमगाने लगती है, जिससे यात्रियों में डर का माहौल बना रहता है। बावजूद इसके लोगों को अपनी जरूरतों के लिए इसी रास्ते का सहारा लेना पड़ता है। स्थानीय लोगों के अनुसार सोन नदी पर पुल निर्माण का कार्य करीब चार से पांच साल पहले शुरू हुआ था। ग्रामीणों को उम्मीद थी कि पुल बनने के बाद वर्षों पुरानी परेशानी खत्म हो जाएगी और सुरक्षित आवागमन का रास्ता मिल सकेगा। लेकिन निर्माण कार्य अब तक पूरा नहीं हो सका है। अधूरा पड़ा पुल लोगों के लिए विकास के अधूरे वादों की कहानी बनकर रह गया है।



ग्रामीणों का कहना है कि चुनाव के समय जनप्रतिनिधि और अधिकारी बड़े-बड़े वादे करते हैं, लेकिन जमीनी हालात आज भी वैसे ही बने हुए हैं। लोगों को आज भी नाव के सहारे अपनी जिंदगी का सफर तय करना पड़ रहा है। सबसे बड़ी चिंता यह है कि यदि नदी पार करते समय कोई हादसा हो जाए तो बचाव के लिए तत्काल कोई व्यवस्था मौजूद नहीं है। बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को भी इसी जोखिम भरे रास्ते से गुजरना पड़ता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द पुल निर्माण कार्य पूरा कराने और नाव संचालन में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम करने की मांग की है। इस संबंध में मानपुर जनपद पंचायत के सीईओ अंकित सिरोठिया ने कहा कि मामले को दिखवाया जाएगा। हालांकि ग्रामीणों को अब सिर्फ आश्वासन नहीं बल्कि सुरक्षित और स्थायी समाधान का इंतजार है।

# नगर परिषदों में चल रहे शहरी विकास कार्यों की कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने की विस्तृत समीक्षा

**आदित्य शर्मा**

परिषदों में संचालित शहरी विकास एवं जनहितकारी योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। आयोजित बैठक में विभिन्न योजनाओं एवं विकास कार्यों की अद्यतन स्थिति पर चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने पीएम स्वनिधि योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ दिलाने तथा लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वच्छता सर्वेक्षण के अंतर्गत साफ-सफाई, कचरा प्रबंधन, डोर-टू-डोर कलेक्शन एवं नागरिक सहभागिता को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए विशेष ध्यान देने को कहा।

प्रधानमंत्री आवास योजना एवं आवासीय पट्टा वितरण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री वर्मा ने पात्र हितग्राहियों को पारदर्शिता के साथ लाभान्वित करने तथा लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। अमृत 2.0 योजना एवं स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत संचालित कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए उन्होंने सभी निर्माण एवं अधोसंरचनात्मक कार्यों को गुणवत्ता एवं समय-सीमा के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला शहरी



विकास अभिकरण के प्रभारी अधिकारी तथा संयुक्त कलेक्टर श्री ओमनारायण बड़कुल सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

बैठक में सीएम हेल्पलाइन अंतर्गत 100 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों एवं माह मई 2026 में जारी होने वाली ग्रेडिंग की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री वर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ किया जाए तथा अनावश्यक लंबित प्रकरणों को तत्काल समाप्त किया जाए। उन्होंने भूमि आवंटन से संबंधित लंबित आवेदनों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए प्रकरणों के त्वरित परीक्षण एवं निराकरण के निर्देश दिए। साथ ही निकायों में संचालित विभिन्न महत्वपूर्ण विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में नगरीय विकास से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा की गई तथा सभी अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए।

# परिवहन विभाग की बड़ी कार्यवाही धार में विशेष चेकिंग अभियान के दौरान 50 वाहनों पर लगा 1.67 लाख का जुर्माना

**दिलीप पाटीदार**

धार, परिवहन आयुक्त एवं कलेक्टर के आदेशों के परिपालन में जिला धार में सड़क सुरक्षा और नियमों के पालन हेतु 1 मई 2026 से 9 मई 2026 तक एक विशेष संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया गया। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, धार एवं उनकी टीम द्वारा संचालित इस अभियान के तहत जिले के विभिन्न संवेदनशील स्थानों पर वाहनों की सघन जांच की गई।



जाँच के दौरान पाया गया कि कई वाहन स्वामियों द्वारा जानबूझकर नियमों की अनदेखी करते हुए बिना वैध परमिट, बिना फिटनेस सर्टिफिकेट और बिना पी.यू.सी. के वाहनों का संचालन किया जा रहा था। इस लापरवाही पर टीम द्वारा सख्त रुख अपनाते हुए नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की गई।अभियान के अंतिम दिन, 9 मई 2026 को चेकिंग के दौरान वाहन क्रमांक MP11G3587 (पिक-अप) को रोका गया, जिसमें क्षमता से अत्यधिक 40 से ज्यादा यात्री सवार पाए गए। जान जोखिम में डालकर किए जा रहे इस परिवहन पर त्वरित कार्यवाही करते हुए 18,000 का जुर्माना लगाया गया।

उल्लेखनीय है कि कार्यवाही के दौरान उक्त वाहन के चालक द्वारा मौके पर विवाद कर शासकीय कार्य में बाधा डालने का प्रयास भी किया गया।समग्र अभियान के दौरान कुल 50 वाहनों को नियमों के विरुद्ध संचालित पाया गया, जिनसे कुल 1,67,500 की जुर्माना राशि वसूल की गई। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के उद्देश्य से इस प्रकार की चेकिंग कार्यवाही भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने सभी वाहन स्वामियों से अपील की है कि वे अनिवार्य रूप से यातायात नियमों का पालन करें और अपने वाहनों के दस्तावेज पूर्ण रखें, अन्यथा कड़ी दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# इंदौर पुलिस की बड़ी कार्रवाईः नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी कुछ घंटों में गिरफ्तारं

**खुशबू श्रीवास्तव**

इंदौर। महिला एवं बाल अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के तहत थाना चंदन नगर पुलिस ने नाबालिग पीड़िता से दुष्कर्म के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर पुलिस द्वारा 5 हजार का नगद इनाम भी घोषित किया गया था। पुलिस के अनुसार 17 वर्ष 11 माह की नाबालिग पीड़िता ने अपने परिजनों के साथ थाना चंदन नगर पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता ने बताया कि पारिवारिक विवाद के चलते वह वर्ष 2025 में खरगोन से इंदौर आकर अपने रिश्तेदार के घर रहने लगी थी। इसी दौरान आरोपी ने पारिवारिक संबंधों और विश्वास का दुरुपयोग करते हुए उसे धमकाकर कई बार दुष्कर्म किया।



पीड़िता ने बताया कि आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देता था, जिसके डर से वह लंबे समय तक किसी को घटना की जानकारी नहीं दे सकी। लगातार शोषण के कारण पीड़िता गर्भवती हो गई और 30 अप्रैल 2026 को इंदौर के एक निजी अस्पताल में उसने बच्चे को जन्म दिया। इसके बाद परिजनों को पूरे मामले की जानकारी हुई और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) एवं पाक्सो एक्ट की गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीसीपी जोन-4 के निर्देशन में विशेष टीम गठित की गई और तकनीकी व मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपी विकास नायक (23) निवासी पालदा को गिरफ्तार कर लिया गया। प्रकरण में एफएसएल टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है तथा डीएनए परीक्षण सहित वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि मामले के सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक तिलक करोले, उप निरीक्षक सौरभ कुशवाह, उप निरीक्षक संध्या श्रीवास्तव सहित पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## छत्रीपुरा पुलिस को हॉट स्पॉट चेकिंग में बड़ी सफलता, 168 बीयर कैन के साथ आरोपी गिरफ्तारं

**खुशबू श्रीवास्तव**

इंदौर। अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना छत्रीपुरा पुलिस को हॉट स्पॉट चेकिंग के दौरान बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने गंगवाल बस स्टैंड क्षेत्र से एक आरोपी को अवैध अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, पुलिस आयुक्त संतोष सिंह के निर्देशन तथा पुलिस उपायुक्त जोन-4 के मार्गदर्शन में अवैध शराब के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना प्रभारी संजीव श्रीवास्तव के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा हॉट स्पॉट एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की जा रही थी।

चेकिंग के दौरान गंगवाल बस स्टैंड क्षेत्र में एक संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक सफर बैग और प्लास्टिक के बोरे में रखी अवैध अंग्रेजी शराब की 168 बीयर कैन बरामद हुईं। जब्त शराब की कुल मात्रा 84 बल्क लीटर एवं अनुमानित कीमत लगभग 23,520 रुपये बताई गई है। पुलिस ने आरोपी अंकित पिता महेश सिसोदिया (26 वर्ष), निवासी ग्राम मिर्जापुर, यशवंत सागर के पास, थाना देपालपुर, इंदौर को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज किया है।





**इस कार्रवाई में थाना प्रभारी संजीव श्रीवास्तव सहित पुलिस टीम के अधिकारियों और जवानों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।**

## हज यात्रियों के स्वागत समारोह में गूंजा अमन और भाईचारे का संदेशं

**खुशबू श्रीवास्तव**

इंदौर। पटेल परिवार द्वारा आयोजित हज यात्रियों के स्वागत समारोह में सामाजिक, धार्मिक एवं राजनीतिक क्षेत्र की कई प्रमुख हस्तियों ने शामिल होकर हज पर जाने वाले यात्रियों का सम्मान किया और देश में अमन, शांति एवं भाईचारे की दुआ करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सर्व धर्म सूफ़ी संत महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी श्री अरुणानंद जी महाराज, पूर्व राज्य मंत्री दिलीप राजपाल, एक तू ही गुरुद्वार जयगुरूदेव विश्व प्राकृतिक आध्यात्मिक ध्यान मंदिर की महासचिव साध्वी अनंता देवी, राजनाथ महाराज, मनीषा बौरासी, चिंटू चौकसे, जावेद लाला, डॉ. अब्दुल गफ्फार खान सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

समारोह के दौरान हज यात्रियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। संतों एवं अतिथियों ने यात्रियों से मक्का में देश की खुशहाली, अमन-चैन और आपसी प्रेम-भाईचारे के लिए दुआ करने का आग्रह किया। स्वामी श्री अरुणानंद जी महाराज ने कहा कि सभी धर्म प्रेम, मानवता और शांति का संदेश देते हैं। वहीं पूर्व राज्य मंत्री दिलीप राजपाल ने कहा कि देश में सद्भाव और भाईचारा बना रहे, यही सबसे बड़ी आवश्यकता है। साध्वी अनंता देवी ने हज पर जाने वाले सभी महिलाओं और पुरुषों को शुभकामनाएं देते हुए सफल यात्रा की कामना की। कार्यक्रम के अंत में कारपोरेटर जावेद लाला ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों का सम्मान कर आभार व्यक्त किया। समारोह में बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।





## उच्च न्यायालय ने आरटीओ को बस परमिट प्रकरण एक सप्ताह में निराकरण करने के दिए निर्देश

**राजेश धाकड़**

इंदौर। आरटीओ कार्यालय में बस परमिटों को लेकर हो रही अनियमितताओं एवं लंबित प्रकरणों के चलते एक बस संचालक को माननीय उच्च न्यायालय की शरण लेना पड़ी। मामले में सुनवाई करते हुए माननीय उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर ने संबंधित आरटीओ अधिकारी को बस परमिट प्रकरण का निराकरण 7 दिवस के भीतर करने के निर्देश दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बस परमिट से संबंधित प्रकरण लंबे समय से लंबित होने एवं आरटीओ कार्यालय की कार्यप्रणाली में कथित लापरवाही के चलते पीड़ित बस संचालक ने अधिवक्ता के माध्यम से उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। इस




मामले की सुनवाई माननीय एकलपीठ न्यायमूर्ति प्रणय वर्मा के समक्ष हुई। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता प्रणव रामविलास वर्मा ने पक्ष रखते हुए न्यायालय को अवगत कराया कि आरटीओ की धीमी एवं लापरवाह कार्यप्रणाली के कारण बस संचालक को लगातार आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा था। समय पर आवश्यक प्रशासनिक कार्यवाही नहीं होने से परिवहन व्यवसाय भी प्रभावित हो रहा था। मामले की सुनवाई के बाद माननीय न्यायालय ने याचिकाकर्ता की याचिका स्वीकार करते हुए संबंधित आरटीओ अधिकारी को निर्देशित किया कि बस परमिट संबंधी प्रकरण का निराकरण 7 दिवस की अवधि में किया जाए।

अधिवक्ता प्रणव वर्मा ने बताया कि न्यायालय के इस आदेश से परिवहन व्यवसाय से जुड़े लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासनिक स्तर पर समयबद्ध कार्रवाई हो, तो आम नागरिकों और व्यवसायियों को अनावश्यक परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। माननीय न्यायालय द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए जारी किए गए निर्देशों के बाद अब सभी की निगाहें आरटीओ कार्यालय की आगामी कार्यवाही पर टिकी हैं।

## आबकारी इंदौर
## अवैध मदिरा के विरुद्ध विशेष अभियान

**आदित्य शर्मा**

इंदौर। कलेक्टर महोदय जिला-इंदौर , श्रीमान शिवम वर्मा जी के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी जी के द्वारा दिये निर्देशानुसार आज दिनांक 02/05/2026 को कंट्रोल रूम प्रभारी श्री देवेश चतुर्वेदी जी और डिप्टी कंट्रोलर श्री मनोज कुमार अग्रवाल और उड़नदस्ता प्रभारी अधिकारी श्री कमलेश सोलंकी के नेतृत्व में आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त भोई मोहल्ला त्रिअंबिका शर्मा की टीम के द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्यवाही की गई । आज की कार्यवाही में इंदौर-उज्जैन रोड स्थित ढाबो पे प्रभावी कार्यवाही करते हुए कुल *06 प्रकरण*कायम किये यूनिक ढाबा, भगवती ढाबा, मेट्रो ढाबा आदि पे आबकारी टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 36 a, b के तहत प्रकरण पंजीबध्द किए गए ढाबो एवं मदिरा दुकानों के आस पास परोसी जा रही अवैध मदिरा के विरुद्ध ये विशेष अभियान आगे भी जारी रहेगा। आज की कार्यवाही में आबकारी आरक्षक प्रमोद सेठे ,निशा शिखावत , राजू जाँबेकर का सराहनीय योगदान रहा।



## आबकारी इंदौर की कार्यवाही

**आदित्य शर्मा**

इंदौर कलेक्टर महोदय जिला-इंदौर , श्रीमान शिवम वर्मा जी के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी जी के द्वारा दिये निर्देशानुसार तथा कंट्रोलर श्री देवेश चतुर्वेदी,डिप्टी कंट्रोलर श्री मनोज अग्रवाल, उड़नदस्ता प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री कमलेश सोलंकी के नेतृत्व में दिनांक-2/05/2026 को आबकारी वृत्त मालवा मिल बी, छावनी, काछी मौहल्ला,देपालपुर की टीम ने नवलखा क्षेत्र के ढाबों पर कार्यवाही की ।



रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार
इंदौर प्रति मंगलवार, 12 मई 2026
से 18 मई 2026 तक



# भोपाल मेट्रो पर नया विवाद

## कब्रिस्तानों के नीचे सुरंग पर आपत्ति; निर्माण रोकने की मांग



भोपाल मेट्रो परियोजना एक बार फिर विवादों में घिर गई है। शहर में प्रस्तावित भूमिगत मार्ग को लेकर वक्फ संपत्तियों और प्राचीन कब्रिस्तानों पर आपत्ति दर्ज की गई है। मामला अब कानूनी स्तर तक पहुंच गया है, जहां वक्फ बोर्ड की कमेटी ने मध्य प्रदेश राज्य वक्फ अधिकरण में याचिका दायर कर निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

विवाद भोपाल टॉकीज क्षेत्र स्थित पुराने कब्रिस्तान और नारियलखेड़ा की वक्फ भूमि से जुड़ा है। कमेटी का कहना है कि इन स्थानों के नीचे से मेट्रो लाइन निकालने की योजना धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से संवेदनशील है। याचिका में दावा किया गया है कि इस क्षेत्र में बड़ी संख्या में कब्रें मौजूद हैं और निर्माण से उनके अस्तित्व को खतरा हो सकता है।

# मध्य प्रदेश : भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के 11 जिलाध्यक्षों के नामों का ऐलान

**संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज सिंह टेकाम ने 11 जिलों के अध्यक्ष के नाम घोषित कर दिए हैं। इसमें सतना में लक्ष्मण रावत तो सिंगरौली में समर बहादुर सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई है।**

अनुसूचित जनजाति और जाति आयोग में अध्यक्ष- सदस्यों की नियुक्ति के बाद अब मध्य प्रदेश में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्षों के नामों का ऐलान किया गया है। 5 मई 2026 को अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज सिंह तेकाम ने 11 मोर्चा जिला अध्यक्षों की घोषणा की है। यह नियुक्तियां भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और विधायक हेमंत खंडेलवाड की सहमति से की गई हैं। भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के 11 जिलों के अध्यक्ष के नाम घोषित

- »» सागर में उमेश गौड़
- »» धार ग्रामीण में लाल सिंह वर्मन
- »» आगर में मोहन कटारा
- »» »» मऊगंज में राधा जयमनिया कोल
- »» निवाड़ी में मुन्ना लाल सौर
- »» टीकमगढ़ में सत्येंद्र सौर
- »» सतना में लक्ष्मण रावत
- »» सिंगरौली में समर बहादुर सिंह
- »» बुरहानपुर में तूफान सिंह चौहान




जबलपुर ग्रामीण में किशोर सिंह ठाकुर,आलीराजपुर में विक्रम भयडिया को जिम्मेदारी दी गई है। नागरिक आपूर्ति निगम अध्यक्ष आज करेंगे पदभार ग्रहण मध्य प्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष ओम जैन एवं मप्र महाराणा प्रताप कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष केशव सिंह भदौरिया ने मंगलवार को पदभार ग्रहण कर लिया है । मध्य प्रदेश वन विकास निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष रामनिवास रावत, अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कैलाश जाटव. मध्य प्रदेश नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष केपी यादव बुधवार (6 मई 2026) को पदभार संभालेंगे।

# आबकारी इंदौर की कार्यवाही

**आदित्य शर्मा**

इंदौर।कलेक्टर महोदय जिला-इंदौर , श्रीमान शिवम वर्मा जी के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी जी के द्वारा दिये निर्देशानुसार तथा कंट्रोलर महोदय देवेश चतुर्वेदी,डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री धर्मेंद्र जोशी, श्री सी के साहू के नेतृत्व में दिनांक-06/05/2026 को वृत्त- बंबई बाजार के प्रभारी उप निरीक्षक मीरा सिंह की टीम के द्वारा शहरी क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई। आज की कार्यवाही में दौराने गस्त शंका के आधार एक दोपहिया वाहन (HERO



SPLENDOR क्रमांक-MP 09 QQ 5929) पलसीकर चौराहे की बीच में दो बोरी में कुछ भरकर ले जा रहे रहे थे जिसको हमारे द्वारा रोका गया जिसमे तलाश करने में 24 केन बोल्ट बीयर एवं 50 पाव देशी मदिरा प्लेन बरामद हुआ (कुल 21 बल्क लीटर) मदिरा एवं वाहन का अनुमानित मूल्य 51400/- है। दो आरोपी पकड़े गए एक आरोपी का नाम सचिन पिता फतेशीह एवं दूसरे का नाम विष्णु पिता गोपाल पकड़ा गया जिनके ऊपर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)' क' का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया ।

आज की कार्यवाही में आरक्षक ,, मोहित कछवाय, कोमल कनेल, और ड्राइवर अमित का सराहनीय योगदान रहा। साथ ही दुकानों के आस पास धारा 36(ए) एवं 36(बी) के कुल 4 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए जिनकी कुल जप्ती 6.75 बल्क लीटर है जिनका अनुमानित मूल्य 13500/- रुपए है।

## पिता के पसीने से लिखी गई कामयाबी की इबारत, मुस्कान शेख अब 'बैटलग्राउंड' में दिखा रही हैं दम

शिवपुरी ब्यूरोः मध्य प्रदेश के शिवपुरी की गलियों से निकलकर सात समंदर पार देश का तिरंगा लहराने वाली मुस्कान शेख की कहानी हर उस व्यक्ति के लिए प्रेरणा है जो संसाधनों की कमी का रोना रोते हैं। मुस्कान की इस सफलता के पीछे उनके पिता दारा मोहम्मद खान की वर्षों की कड़ी मेहनत और त्याग छुपा है।

मजदूरी से गोल्ड मेडल तक का सफर- दारा मोहम्मद खान ने सालों तक दूसरों के यहाँ



गन्ने की मशीन पर काम कर अपने परिवार को संभाला। तंगहाली के बावजूद उन्होंने मुस्कान के सपनों से समझौता नहीं किया। खुद कोच बनकर बेटी को तराशा और नतीजा सबके सामने है-ऑस्ट्रेलिया में पावर लिफ्टिंग में 4 स्वर्ण पदक।

अब 'बैटलग्राउंड' में चुनौती- पावर लिफ्टिंग की दुनिया में लोहा मनवाने के बाद मुस्कान अब एक नए मंच पर सक्रिय हैं। 'बैटलग्राउंड सीजन 2' में शिवपुरी की यह जांबाज खिलाड़ी अपनी ताकत और तकनीक का प्रदर्शन कर रही है। उनके पिता आज भी उनके सबसे बड़े संबल बने हुए हैं। स्थानीय प्रशासन और खेल संघों ने मुस्कान की इस निरंतर सफलता की सराहना की है।

रणजीत टाइम्स

## पत्रकार विश्वामित्र अग्निहोत्री बने प्रदेश सेक्रेटरी, मिलीं बधाइयाँ




पत्रकार विश्वामित्र अग्निहोत्री जी को एंटी करप्शन एंड सोशल डेवलपमेंट काउंसिल में प्रदेश सेक्रेटरी नियुक्त किया गया है। उनकी इस महत्वपूर्ण नियुक्ति पर पत्रकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। बताया जा रहा है कि यह उपलब्धि उनके निरंतर परिश्रम, ईमानदारी और समाज के प्रति समर्पण का परिणाम है। सभी ने विश्वास जताया है कि वे अपने नए दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ करते हुए समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य करेंगे। उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सभी ने उम्मीद जताई है कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होकर जनहित के कार्यों को आगे बढ़ाएगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिंटर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन 22 सेक्टर एफ सांवेर रोड, इण्डस्ट्रीयल एरिया इंदौर म.प्र. एवं जी -1 कॉस्मिक रीजेंसी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर म.प्र. से प्रकाशित
संपादक गोपाल गावंडे (पी.आर.बी.) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादो का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा )